DT दीनार टाइम्स | कानपुर न्यूज | www.dinartimes.in | 19
कानपुर, शुक्रवार, 24 दिसंबर 2021

# सीएम ने सीएसए के डॉक्टर अशोक कुमार को सम्मानित किया



डीटीएनएन

कानपुर। चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय कानपुर के अधीन संचालित दलीप नगर स्थित कृषि विज्ञान केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं अध्यक्ष डॉक्टर अशोक कुमार को पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय चौधरी चरण सिंह की 119 वी जयंती के उपलक्ष में किसान सम्मान दिवस 2021 के अवसर पर कृषि प्रसार के क्षेत्र में विशिष्ट योगदान हेतु लोक भवन लखनऊ में कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया है। ज्ञातव्य हो कि डॉ अशोक कुमार द्वारा 125 ग्रामीण बेरोजगार युवाओं को प्रतिवर्ष मधुमक्खी पालन, मशरूम उत्पादन, बकरी, मुर्गी एवं मछली पालन इत्यादि का प्रशिक्षण देकर रोजगार उपलब्ध कराया है। इसके अतिरिक्त केंद्र पर जैवसंवर्धित फसलें/पोषक तत्व प्रधान फसलों का बगीचा लगाकर जनमानस में प्रचार प्रसार किया है।साथ ही विश्वविद्यालय द्वारा गोद लिए गए गांव अनूपपुर में जैवसंवर्धित फसलें एवं स्मार्ट पोषण किचन वाटिका द्वारा कुपोषण दूर करने में अहम भूमिका निभाई है। उनके किसानों के प्रति समर्पण एवं योगदान



हेतु उन्हें प्रदेश सरकार द्वारा सम्मानित किया गया है।डॉ अशोक की सफलता पर विश्वविद्यालय के कुलपति डॉक्टर डीआर सिंह ने उन्हें बधाई एवं उज्जवल भविष्य हेतु शुभकामनाएं दी हैं। और कहा है कि यह विश्वविद्यालय के लिए गौरव की बात है। विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों में डॉ अशोक कुमार के सम्मान से हर्ष की लहर है।

Sign in to edit and save changes to this file.

मेरी क्रिसमस
लखनऊ और देहरादून से प्रकाशित राष्ट्रीय हिंदी दैनिक
जन एक्सप्रेस
@janexpressnews janexpresslive janexpresslive www.janexpresslive.com/epaper
लखनऊ
वर्ष: 13 | अंक: 74
मूल्य: ₹ 3.00/-
पेज : 12
लखनऊ | शनिवार | 25 दिसंबर, 2021

# वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. अशोक कुमार को सीएम योगी ने किया सम्मानित

जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर



चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के अधीन संचालित दलीप नगर स्थित कृषि विज्ञान केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं अध्यक्ष डॉ. अशोक कुमार को पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय चौधरी चरण सिंह की 119वी जयंती के उपलक्ष्य में किसान सम्मान दिवस 2021 के अवसर पर कृषि प्रसार के क्षेत्र में विशिष्ट योगदान के लिए लोक भवन लखनऊ में कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया है। बताते चले कि डॉ. अशोक कुमार द्वारा 125 ग्रामीण बेरोजगार युवाओं को प्रतिवर्ष मधुमक्खी पालन, मशरूम उत्पादन, बकरी, मुर्गी एवं मछली पालन इत्यादि का प्रशिक्षण देकर रोजगार उपलब्ध कराया गया है। इसके अतिरिक्त केंद्र पर जैवसंवर्धित फसलें/पोषक तत्व प्रधान फसलों का बगीचा लगाकर जनमानस में प्रचार प्रसार करने के साथ ही विश्वविद्यालय द्वारा गोद लिए गए गांव अनूपपुर में जैवसंवर्धित फसलें एवं स्मार्ट पोषण किचन वाटिका द्वारा कुपोषण दूर करने में अहम भूमिका निभाई गई है। डॉ. अशोक की सफलता पर विश्वविद्यालय के कुलपति डॉक्टर डीआर सिंह ने उन्हें बधाई एवं उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी।

वर्ष 15 अंक 351 पृष्ठ-8 मूल्य-1 रू0 कानपुर, शनिवार 25 दिसम्बर 2021

कानपुर व औरैया से एक साथ प्रकाशित, लखनऊ, इलाहाबाद, बुंदेलखंड, फतेहपुर, इटावा, कन्नौज, मैनपुरी,ऐटा, हरदोई, उन्नाव,कानपुर देहात में प्रसारित

RNI N.UPHIN/2007/27090

दैनिक नगर छाया

आप की आवाज़.....

दैनिक नगर छाया आप की आवाज़..... WWW.nagarchhaya.com कानपुर

# डॉक्टर अशोक कुमार को विशिष्ट योगदान हेतु मुख्यमंत्री ने किया सम्मानित





**कानपुर (नगर छाया समाचार)।** चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय कानपुर के अधीन संचालित दलीप नगर स्थित कृषि विज्ञान केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं अध्यक्ष डॉक्टर अशोक कुमार को पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय चौधरी चरण सिंह की 119 वी जयंती के उपलक्ष में किसान सम्मान दिवस 2021 के अवसर पर कृषि प्रसार के क्षेत्र में विशिष्ट योगदान हेतु लोक भवन लखनऊ में कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी द्वारा प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया है। ज्ञातव्य हो कि डॉ अशोक कुमार द्वारा 125 ग्रामीण बेरोजगार युवाओं को प्रतिवर्ष मधुमक्खी पालन, मशरूम उत्पादन, बकरी, मुर्गी एवं मछली पालन इत्यादि का प्रशिक्षण देकर रोजगार उपलब्ध कराया है। इसके अतिरिक्त केंद्र पर जैवसंवर्धित फसलें/पोषक तत्व प्रधान फसलों का बगीचा लगाकर जनमानस में प्रचार प्रसार किया है।साथ ही विश्वविद्यालय द्वारा गोद लिए गए गांव अनूपपुर में जैवसंवर्धित फसलें एवं स्मार्ट पोषण किचन वाटिका द्वारा कुपोषण दूर करने में अहम भूमिका निभाई है। उनके किसानों के प्रति समर्पण एवं योगदान हेतु उन्हें प्रदेश सरकार द्वारा सम्मानित किया गया है।डॉ अशोक की सफलता पर विश्वविद्यालय के कुलपति डॉक्टर डीआर सिंह ने उन्हें बधाई एवं उज्जवल भविष्य हेतु शुभकामनाएं दी हैं। और कहा है कि यह विश्वविद्यालय के लिए गौरव की बात है। विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों में डॉ अशोक कुमार के सम्मान से हर्ष की लहर है।

25/12/2021

कानपुर जागरण

# सीएसए के वैज्ञानिक को मुख्यमंत्री ने किया सम्मानित

जासं, कानपुर : चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के अधीन संचालित दलीप नगर स्थित कृषि विज्ञान केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक डा. अशोक कुमार को पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह की जयंती पर सम्मानित किया गया है। किसान सम्मान दिवस 2021 के अवसर पर कृषि प्रसार के क्षेत्र में विशिष्ट योगदान के लिए लोक भवन लखनऊ में मुख्यमंत्री ने उन्हें प्रशस्ति पत्र प्रदान किया।

Sign in to edit and save changes to this file.

उत्तराखंड/उत्तर प्रदेश का प्रथम द्विभाषीय (हिन्दी-अंग्रेजी) सांध्य दैनिक समाचार पत्र

जनमत टुडे

वर्ष:12 | अंक:341 | देहरादून, शुक्रवार, 24 दिसंबर, 2021 | पृष्ठ:08

## सीएसए के डॉ. अशोक कुमार को उनके कृषि क्षेत्र में विशिष्ट योगदान के लिए किया सम्मानित

दीपक गौड़ (जनमत टुडे)





कानपुर/लखनऊ: चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय कानपुर के अधीन संचालित दलीप नगर स्थित कृषि विज्ञान केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं अध्यक्ष डॉ० अशोक कुमार को पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय चौधरी चरण सिंह की 119वी जयंती के उपलक्ष में किसान सम्मान दिवस 2021 के अवसर पर कृषि प्रसार के क्षेत्र में विशिष्ट योगदान हेतु लोक भवन लखनऊ में कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया है ज्ञातव्य हो कि डॉ अशोक कुमार द्वारा 125 ग्रामीण बेरोजगार युवाओं को प्रतिवर्ष मधुमक्खी पालन, मशरूम उत्पादन, बकरी, मुर्गी एवं मछली पालन इत्यादि का प्रशिक्षण देकर रोजगार उपलब्ध कराया है इसके अतिरिक्त केंद्र पर जैवसंवर्धित फसलें/पोषक तत्व प्रधान फसलों का बगीचा लगाकर जनमानस में प्रचार प्रसार किया है।साथ ही विश्वविद्यालय द्वारा गोद लिए गए गांव अनूपपुर में जैवसंवर्धित फसलें एवं स्मार्ट पोषण किचन वाटिका द्वारा कुपोषण दूर करने में अहम भूमिका निभाई है उनके किसानों के प्रति समर्पण एवं योगदान हेतु उन्हें प्रदेश सरकार द्वारा सम्मानित किया गया है डॉ अशोक की सफलता पर विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ० डीआर सिंह ने उन्हें बधाई एवं उज्जवल भविष्य हेतु शुभकामनाएं दी हैं और कहा है कि यह विश्वविद्यालय के लिए गौरव की बात है विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों में डॉ अशोक कुमार के सम्मान से हर्ष की लहर है।

10 दैनिक जागरण कानपुर, 25 दिसंबर, 2021

## सीएसए में ड्रैगन फ्रूट उगाने की तैयारी, मंगाए 500 पौधे

### इसकी खेती के लिए 20 से 35 डिग्री का तापमान होता है उपयुक्त

जागरण संवाददाता, कानपुर : समुद्र के आसपास और उष्ण कटिबंधीय मौसम में पैदा होने वाले ड्रैगन फ्रूट को अब चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विवि (सीएसए) के वैज्ञानिक विवि परिसर में उगाने की तैयारी कर रहे हैं। पैदावार बढ़ने पर किसानों को भी फायदे समझाकर इसके उत्पादन के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा। शुरुआत में राजस्थान और गुजरात से 500 पौधे मंगाए गए हैं, जिन्हें नर्सरी में लगाया जाएगा। पांच-छह माह में पौधे बड़े होंगे और अगले वर्ष जुलाई से अक्टूबर के बीच फल आने की उम्मीद है।

सीएसए के टिशू कल्चर लैब के प्रभारी डा. आरपी व्यास ने बताया कि ड्रैगन फ्रूट का पौधा देखने में नागफनी की तरह होता है, लेकिन काफी लचीला होता है। इसके तने को सहारा देने के लिए किसी खंभे की जरूरत होती है। इसकी खेती के लिए 20 से लेकर 35 डिग्री सेल्सियस तक तापमान उपयुक्त माना गया है। कानपुर की जलवायु उपयुक्त है। हालांकि भीषण गर्मी में पौधे मुरझाने की आशंका है। 35 डिग्री से ज्यादा तापमान से बचाने के लिए छाया की जरूरत पड़ेगी। इसी तरह ज्यादा सर्दी पड़ने पर पौधे की वृद्धि रुक जाती है, तब पौधों के बीच में किसी डंडे पर बल्ब लगा गर्मी पैदा करके फ्लावरिंग बढ़ाई जा सकती है। इसे पालीहाउस बनाकर उसमें भी उगा सकते हैं, ताकि तापमान नियंत्रित करने में आसानी हो। कुलपति डा. डीआर सिंह ने बताया कि ड्रैगन फ्रूट को तैयार होने में डेढ़ से दो वर्ष का समय लगता है। सही मात्रा में खाद, पानी व तापमान बनाने की जरूरत होती है। विवि में उत्पादन शुरू होने के बाद किसानों को भी प्रोत्साहित किया जाएगा।

**यहां सबसे ज्यादा होता है उत्पादन:** यह फल मुख्यतः मलेशिया, थाइलैंड, फिलीपींस देशों में पैदा होता है। अब महाराष्ट्र, कर्नाटक, केरल, तमिलनाडु, गुजरात, राजस्थान, बंगाल, आंध्र प्रदेश में भी उत्पादन हो रहा है। अधिक आय देने वाला फल होने से किसानों में रुझान तेजी से बढ़ रहा है। इसकी खेती के लिए ज्यादा सिंचाई की जरूरत नहीं है।

#### ड्रैगन फ्रूट में औषधीय गुण, मुनाफा भी अच्छा

ड्रैगन फ्रूट में फाइबर, विटामिन; खनिज व एंटीआक्सीडेंट की प्रचुर मात्रा होती है। इसे औषधीय गुणों से भरपूर फल माना जाता है। यह व्यक्ति की कोशिकाओं की मरम्मत करता है और शरीर में आने वाली सूजन को कम करता है। इसके खाने से पाचन तंत्र भी ठीक रहता है। यही नहीं, इसका उत्पादन किसानों को भी फायदा देगा, क्योंकि एक किलो फल की कीमत 250 से 300 रुपये होती है।

अमर उजाला कानपुर 25/12/2021

## सीएसए के डॉ. अशोक को सीएम ने किया सम्मानित



कानपुर। चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के दलीप नगर कृषि विज्ञान केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं अध्यक्ष डॉ. अशोक कुमार को कृषि प्रसार के क्षेत्र में विशिष्ट योगदान के लिए सीएम योगी आदित्यनाथ ने सम्मानित किया है। सीएसए द्वारा गोद लिए गए गांव अनूपपुर में जैवसंवर्धित फसलें एवं स्मार्ट पोषण किचन वाटिका से कुपोषण दूर करने में अहम भूमिका निभाई है। कुलपति डॉ. डीआर सिंह ने उन्हें बधाई दी है। (संवाद)

हिंदुस्तान कानपुर 25/12/2021

## सीएसए के डॉ. अशोक कुमार सम्मानित

कानपुर। चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के अधीन संचालित दलीप नगर स्थित कृषि विज्ञान केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं अध्यक्ष डॉ. अशोक कुमार को पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय चौधरी चरण सिंह की 119 वीं जयंती के अवसर पर कृषि प्रसार के क्षेत्र में विशिष्ट योगदान के लिए प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया है।